बिहार सरकार,

गृह विभाग (आरक्षी शाखा)

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

05, हार्डिंग रोड, पटना 800001

(वेबसाइट https://csbc.bihar.gov.in)

संदर्भ : विज्ञापन संख्या–01/2023 (बिहार पुलिस में सिपाही पद हेतु)

विषय : BC एवं EBC कोटि से संबंधित Non Creamy Layer (NCL) एवं EWS कोटि के लिए आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण–पत्र से संबंधित आवश्यक सूचना

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2023 के संदर्भ में दिनांक 04.12.2024 को प्रकाशित सूचना के क्रम में BC एवं EBC आरक्षण कोटि के अभ्यर्थियों से संबंधित Non Creamy Layer (NCL) की कट–ऑफ तिथि एवं EWS आरक्षण कोटि के अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्र की काल अवधि एवं कट–ऑफ तिथि विज्ञापन में अंकित नहीं होने के कारण विज्ञापन प्रकाशन की अंतिम तिथि के बाद निर्गत प्रमाण–पत्र की मान्यता का प्रश्न सरकार के समक्ष विचाराधीन था।

2. इस संबंध में बिहार, सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का परिपत्र संख्या–11/आ0नी0–I–01/2024 सा0प्र0–**20441**, दिनांक 20.12.2024 द्वारा समीक्षोपरांत केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के विज्ञापन संख्या–1/2023 के अंतर्गत बिहार पुलिस में सिपाही के पदों हेतु प्रकाशित विज्ञापन में आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक–20.07.2023 के बाद पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग हेतु क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र (NCL) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) हेतु आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण–पत्र को मान्यता प्रदान करते हुए अग्रेतर कार्यवाही का परामर्श दिया गया है।

3. एतद् द्वारा विज्ञापन सख्या 01/2023 से संबंधित BC, EBC एवं EWS आरक्षण कोटि के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन में आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि 20.07.2023 के बाद निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र (NCL) तथा आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण–पत्र भी मान्य होंगे।

ह0/–
अध्यक्ष
केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)
बिहार

ज्ञापांक 09 /के0च0प0(सू0)

संचिका संख्या –08/के0च0प0 (परीक्षा शाखा) 01/2024(भाग–2)

अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,

05, हार्डिंग रोड, पटना 800001

दिनांक 24/12/2024